कार्यालय चुनाव अधिकारी, ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0),
कार्यालय :– दिल्ली सरकार वाहन चालक कल्याण समिति के ब्लाक, भूमितल, विकास भवन, नई दिल्ली–110002
**Mobile- 9810346102 Mail- vinod53aggarwal@gmail.com**

कंमाक AIGDF/2019-20/101 दिनांक :06–12–2019

# विशेष आम सभा की बैठक सूचना

प्रिय सदस्य,

अद्योहस्ताक्षरकर्ता को ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0) की कार्यकारिणी ने पत्र सं. AIGDF/2019 / दिनांक 02–12–2019 के द्वारा फेडरेशन की कार्यकारिणी का चुनाव कराने हेतू चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है ।

अतः मैं विनोद कुमार अग्रवाल, चुनाव अधिकारी, फेडरेशन के उपनियमो में प्रदत शक्ति का उपयोग करते हुए ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0) की विशेष आम सभा की बैठक दिनांक 04–01–2020 (शनिवार) को प्रातः 10:00 बजे से विकास भवन, नई दिल्ली–110002 पर बुलाने के लिए फेडरेशन की सलाह से निश्चित करता हूँ । विशेष आम सभा की बैठक में निम्न पदो के लिए हाथ खडे करके या आवश्यक हुआ तो गुप्त मतदान से चुनाव कराया जायेगा :–

| कंमाक | पद नाम | पदो की संख्या | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष | 01 | राष्ट्रीय स्तर पर |
| 2 | महासचिव | 01 | राष्ट्रीय स्तर पर |
| 3 | कोषाध्यक्ष | 01 | राष्ट्रीय स्तर पर |
| 4 | कार्यकारिणी सदस्य | 04 | क्षेत्रानुसार (पूरा विवरण निम्न प्रकार है) |
| 1. दक्षिण पश्चिम | (दमन एवं डीयू, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, दादरा एण्ड नगर, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, केरला, कर्नाटका, पाण्डिचेरी, महाराष्ट्र, गोवा) | | |
| 2. दक्षिण पूर्व | (वेस्ट बंगाल, उडीसा, झारखण्ड, बिहार, छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, अण्डमान एण्ड निकोबार) | | |
| 3. उतर पश्चिम | (उतर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चण्डीगढ़, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उतराखण्ड, जम्मू एवं कश्मीर) | | |
| 4. उतर पूर्व | (असम, नागालेण्ड, मेघालय, मणिपूर, मिजोरम, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, त्रिपूरा) | | |

चुनाव का कार्यक्रम निम्न प्रकार से होगा :–

| कं | कार्यक्रम | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चुनाव के इच्छुक सभी उमीदवारो को नामांकन पत्र फेडरेशन कार्यालय से निशुल्क वितरित किया जायेगा । | 10–12–19 से 16–12–19 (शनिवार व रविवार को छोडकर) | प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 तक | के ब्लाक, भूमितल, विकास भवन, नई दिल्ली–110002 नामाकंन पत्र फेडरेशन की वेबसाईट www.aigdf.org से डाउन लोड किये जा सकते है या उम्मीदवार के अनुरोध पर अपने ईमेल / व्हाटसएप द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है । |
| 2 | पूर्ण रूप से भरे हुए नामांकन पत्र 2000/– रूपये की जमानत राशि सहित जमा कराने की अंतिम तिथि<br>नोट– प्राप्त नामांकन पत्रो की सूची सांय 5:30 बजे फेडरेशन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चिस्पा कर दी जायेगी | 20–12–19 | प्रातः 11:00 से सांय 4:00 बजे तक | उपरोक्तानुसार, जमानत राशि फेडरेशन को वेबसाईट www.aigdf.org पर ऑन लाईन भी की जा सकती है बिना जमानत राशी के नामांकन पत्र निरस्त कर दिये जायेगे । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | नामांकन पत्रो की जांच<br>नोटः—जांच के बाद वैघ नामांकन पत्रो की सूची सांय 4:30 बजे फेडरेशन कार्यालय नोटिस बोर्ड पर पर चिस्पा कर दी जायेगी और वेबसाईट व्हाटसएप माध्यम से सूचित कर दी जायेगी । | 30—12—19 | प्रातः 11:30 से शुरू होगी | नामांकन पत्रों की जांच फेडरेशन कार्यालय में होगी जिसमें उम्मीदवार भी स्वमं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रह सकते है । |
| 4 | नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि<br>नोटः—उमीदवारो की अंतिम सूची दिनाक 02—01—2020 को सांय 4:00 बजे फेडरेशन कार्यालय पर चिस्पा कर दी जायेगी । | 02—01—20 | सांय 4:00 बजे तक | उम्मीदवार अपने नाम की वापसी स्वमं उपस्थित होकर या अपने प्रस्ताव या अनुमोदक के माध्यम से वापिस ले सकते है । नामांकन चुनाव अधिकारी के व्हाटसएप माध्यम से भी वापिस लिये जा सकते है । |
| 5 | यदि आवश्यक हुआ तो संबंधित पदो का चुनाव हाथ खडे करके दिनांक 04—01—2020 को प्रातः 10:00 बजे (कोरम पूरा होने पर) या गुप्त मतदान द्वारा कराया जायेगा । | | | |

<u>विशेष नोटः—</u>

1. फेडरेशन के पंजीकृत उपनियम संख्या 17 के अनुसार जिस राज्य सदस्य का सदस्यता शुल्क वर्ष 2019 तक फेडरेशन कार्यालय में जमा होगा केवल उसी राज्य के अधिकृत प्रतिनिधि ही चुनाव प्रकिया में भाग ले सकेगे ।
2. उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ 2000/—रूपये जमानत राशि जमा करानी होगी अन्यथा नामांकन रद समझाा जायेगा ।
3. प्रत्येक उम्मीदवार को कम से कम कुल मतदान का 1/6 मत प्राप्त करने होगे अन्यथा कम वोट होने की स्थिति में उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी और जब्त की गई राशि फेडरेशन के खाते में जमा करा दी जायेगी ।
4. नामांकन पत्र अन्य राज्यों के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित और अनुमोदित होना अनिवार्य है जिनके नाम अधिकृत सूची में शामिल हो उन्ही से कराने होगे अन्यथा नामांकन स्वीकार किये जायेगे ।
5. फेडरेशन की वोटर लिस्ट फेडरेशन कार्यालय में देखी जा सकती है और 100/—रूपये का नगद भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है ।
6. विशेष आम सभा की बैठक प्रातः 10:00 बजे विकास भवन, नई दिल्ली—110002 पर शुरू होगी । यदि आधे घंटे में विशेष आम सभा की बैठक का कोरम पूरा नही होता तो विशेष आम सभा की बैठक को एक घन्टे के लिए स्थगित कर दिया जायेगा और स्थगित विशेष आम सभा की बैठक में कोरम की आवश्यकता नही होगी ।
7. मेरा सभी प्रतिनिधियों/चुनाव में शामिल होने वाले साथियों से अनुरोध है कि वे चुनाव के दौरान विकास भवन परिसर में किसी भी प्रकार का हथियार, विस्फोटक सामग्री या आपति जनक समान लेकर आना वर्जित है ।
8. सभी सदस्यों/उम्मीदवारो से चुनाव के दौरान पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की जाती है और आश्वासन देता हूँ कि किसी प्रकार का नियमविरूद्व कार्य स्वीकार नही होगा ।

(विनोद कुमार अग्रवाल)
चुनाव अधिकारी

प्रतिलिपि प्रेषित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू :—

1. सचिव, कार्मिक लोक शिकायत एव पेशन मंत्रालय, भारत सरकार, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली इस आश्य की संबंधित चालकों को चुनाव पूर्व विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान करने के आदेश सभी राज्य सरकारो को जारी करने हेतू ।

2. सभी राज्यों के मुख्य सचिव इस आश्य की संबंधित चालकों को चुनाव पूर्व विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान करने एवं दिल्ली स्थित राज्य भवन में ठहरने के प्रबंध के आदेश जारी करने हेतू ।
3. अध्यक्ष/महासचिव, ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0) ,के ब्लाक, भूमितल, विकास भवन, नई दिल्ली–110002
4. पंजीयक समितियॉ, उपायुक्त कार्यालय, दिल्ली सरकार, नन्द नगरी, नई दिल्ली ।
5. थानाध्यक्ष, आई.पी.ईस्टेट, नई दिल्ली–110002, इस अनुरोध से कि चुनाव के समय शांति व्यवस्था बनाये रखने में मदद करे ।
6. सभी अध्यक्ष/महासचिव केन्द्र सरकार/राज्य चालक समिति/संघ इस अनुरोध से की वे विशेष आम सभा की सूचना अपने राज्य के सभी अधिकृत प्रतिनिधियों को देकर चुनाव अधिकारी को सूचित करेगे ।
7. फेडरेशन की वेबसाईट www.aigdf.org पर ।
8. व्हाटसएप के माध्यम से सभी सदस्यों को ।
9. फेडरेशन कार्याल के नोटिस बोर्ड पर ।

(विनोद कुमार अग्रवाल)
चुनाव अधिकारी /सेवा निवृत अधिकारी दिल्ली सरकार
ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0)